## मुहावरे

*१. **नामो निशान मिटना** – अस्तित्व समाप्त होना।

*२. **हतप्रभ रहना** – स्तब्ध रहना।

### परिच्छेद – १

**पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक २१ पर दी गई पंक्तियाँ १ से १४ तक**

[कुछ महीनों पहले ......................

...................... की आदत थी।]

### १ – आकलन कृतियाँ

**कृ.१. आकृति पूर्ण कीजिए:**

**उस रात को हुई घटनाएँ लिखिए**

१ | २ | ३ | ४

**उत्तर:** १. रात दो बजे घर की कॉलबेल बजी

२. डॉक्टर भटनागर उठ गए

३. पत्नी जागकर भी बिस्तर पर पड़ी रही

४. डॉक्टर भटनागर ने गाउन पहना और दवाइयों का बैग उठाकर चले गए

**कृ.२. आकृति पूर्ण कीजिए:**

**डॉक्टर भटनागर को अक्सर रात को जगानेवाले**

१ | २

**उत्तर:** १. अस्पताल का चौकीदार

२. घर बुलाकर ले जाने वाले लोग

कृ.३. आकृति पूर्ण कीजिए:

**आमतौर पर डॉक्टर भटनागर के लौटने का समय**

१ | २

उत्तर: १. एक-दो घंटे
२. सवेरा होते-होते

## २ – आकलन कृतियाँ

**कृ.१. परिच्छेद में से ऐसे प्रश्न तैयार कीजिए जिनके उत्तर निम्नलिखित शब्द हों:**

१. डॉक्टर भटनागर
२. परम कर्तव्य
३. फीस
४. अस्पताल

उत्तर: १. जब भी कोई मरीज सीरियस होता तो अस्पताल का चौकीदार किसे उठाने आ जाता था?
२. डॉक्टर भटनागर मरीजों की सेवा करने को क्या समझते थे?
३. डॉक्टर भटनागर को किस चीज की कभी चिंता नहीं थी?
४. डॉक्टर भटनागर को कहाँ समय पर पहुँचने की आदत थी?

**कृ.२. निम्नलिखित विधानों को परिच्छेद में आए उनके क्रमानुसार लिखिए:**

१. किसी को उन्हें घर बुलाकर ले जाना होता तो वह आकर डॉक्टर को जगा देता।
२. डॉक्टर भटनागर ने गाउन पहना।
३. डॉक्टर भटनागर ने दवाइयों का बैग उठाया।
४. आपने डॉक्टर भटनागर के लापता हो जाने का समाचार पढ़ा होगा।

उत्तर: १. आपने डॉक्टर भटनागर के लापता हो जाने का समाचार पढ़ा होगा।
२. किसी को उन्हें घर बुलाकर ले जाना होता तो वह आकर डॉक्टर को जगा देता।
३. डॉक्टर भटनागर ने गाउन पहना।
४. डॉक्टर भटनागर ने दवाइयों का बैग उठाया।

## ३ – शब्द संपदा

**कृ.१. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए:**

१. डॉक्टर
२. अचानक
३. रोज
४. चिंता
५. रात
६. सवेरा

उत्तर: १. चिकित्सक
२. एकाएक
३. प्रतिदिन
४. फिक्र
५. निशा
६. सुबह

**कृ.२. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए:**

१. महीना
२. पत्नी
३. रातें
४. घंटा

उत्तर: १. महीने
२. पत्नियाँ
३. रात
४. घंटे

## ४ – अभिव्यक्ति

**कृ.१. वर्तमान समय में चिकित्सक के पेशे के बारे में अपनी राय लिखिए।**

उत्तर: चिकित्सक का कर्तव्य होता है कि वह रोगियों का इलाज करे और उन्हें स्वस्थ बनाए। हमारे समाज में चिकित्सक को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। कुछ समय पहले की अपेक्षा आज चिकित्सक के पेशे में होड़ बढ़ गई है। बढ़ते चिकित्सकों के चलते उनकी चिकित्सा पद्धति में भी काफी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। घातक-से-घातक बीमारियों का इलाज कर चिकित्सक मरीज को नया जीवन देते हैं। परिवार, समाज व देश को स्वस्थ बनाए रखने की महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी उनके ही कंधों पर है। समाज में कुछ ऐसे भी चिकित्सक हैं, जो अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी व समर्पण के साथ पूरा कर रहे हैं। कुछ ऐसे भी मामले सामने आते हैं, जब चिकित्सक आर्थिक रूप से तंग गरीब रोगियों की दवा का खर्च भी अपनी जेब से देते हैं और उनकी पूरी मदद करते हैं। यही कारण है कि लोग भगवान के बाद चिकित्सक को बड़ी श्रद्धा व उम्मीद की नजरों से देखते हैं।

## परिच्छेद – २

**पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक २१-२२ पर दी गई पंक्तियाँ १५ से ३३ तक**
**[किंतु उस दिन ..................... ..................... तुरंत दी जाए।]**

## १ – आकलन कृतियाँ

**कृ.१. आकृति पूर्ण कीजिए:**

**सुबह तक डॉक्टर भटनागर के घर न लौटने पर पत्नी ने सोचा**

१ | २

उत्तर: १. मरीज की हालत गंभीर होगी
२. डॉक्टर भटनागर सीधे अस्पताल चले गए होंगे

कृ.२. आकृति पूर्ण कीजिए:

पत्नी ने इन्हें फोन कर डॉक्टर भटनागर के बारे में पूछा

१ | २

उत्तर: १. मित्रों २. कुछ अन्य संबंधियों

कृ.३. आकृति पूर्ण कीजिए:

बड़े पहियों के निशान यहाँ दिखे

१ | २

उत्तर: १. सड़क २. फुटपाथ

कृ.४. आकृति पूर्ण कीजिए:

बड़े पहियों के निशान से इन वाहनों का अंदाजा लगाया गया

१ | २

उत्तर: १. ट्रक २. बस

कृ.५. आकृति पूर्ण कीजिए:

पुलिसवालों ने डॉक्टर भटनागर के बारे में

इनसे पूछताछ की — १

इससे सूचना जारी कर दी — २

उत्तर: १. मुहल्लेवालों २. वायरलेस

## २ – आकलन कृतियाँ

**कृ.१. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

१. सुबह देर तक डॉक्टर भटनागर के नहीं लौटने पर भी पत्नी निश्चिंत थी।

२. सुबह डॉक्टर भटनागर के बारे में पूछने उनके मित्र घर पहुँच गए।

३. शाम तक डॉक्टर भटनागर के घर न लौटने पर पत्नी ने पुलिस स्टेशन फोन किया।

४. पुलिस ने टेलीफोन से सूचना जारी कर दी।

उत्तर: १. असत्य २. असत्य
३. सत्य ४. असत्य

**कृ.२. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

१. डॉक्टर भटनागर का गायब हो जाना किसके लिए हैरानी का कारण बन गया?

२. पुलिस ने सूचना जारी कर किस बारे में तुरंत जानकारी देने के लिए कहा?

उत्तर: १. पुलिस २. एक्सीडेंट

## ३ – शब्द संपदा

**कृ.१. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए:**

१. किंतु २. घर
३. मरीज ४. समाचार
५. पत्नी ६. तुरंत

उत्तर: १. परंतु २. सदन
३. रोगी ४. खबर
५. भार्या ६. फौरन

**कृ.२. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए:**

१. सुबह २. आज
३. मित्र ४. दूर
५. जल्दी

उत्तर: १. शाम २. कल
३. शत्रु ४. नजदीक
५. देरी

**कृ.३. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:**

१. जहाँ रोगियों का इलाज किया जाता है –
२. रोगियों का इलाज करने वाला –
३. गाड़ियों के आने-जाने का मार्ग –
४. सड़क के किनारे पैदल चलने का मार्ग –

उत्तर: १. अस्पताल
२. डॉक्टर (चिकित्सक)
३. सड़क
४. फुटपाथ

## ४ – अभिव्यक्ति

**कृ.१. पुलिस विभाग के कर्तव्यों के बारे में अपने विचार लिखिए।**

उत्तर: हमारे समाज में पुलिस विभाग को समाज में न्याय व्यवस्था कायम रखने का मुख्य कार्य सौंपा गया है। समाज, राज्य व पूरे देश में शांति व्यवस्था कायम रखने की जिम्मेदारी पुलिसकर्मियों की होती है। समाज में किसी भी प्रकार का उपद्रव मचाने वाले असामाजिक तत्त्वों को पकड़ना पुलिस महकमे की जिम्मेदारी होती

**कृ.२. आकृति पूर्ण कीजिए:**

- **पुलिस को प्राप्त सी.डी.**
  - इसमें बंद थी → १
  - उस पर इनका नाम लिखा था → २

उत्तर: १. लिफाफे     २. श्रीमती भटनागर

**कृ.३. संजाल पूर्ण कीजिए:**

- **डॉक्टर भटनागर को इनसे दूर होने का दुख था**
  - १
  - २
  - ३
  - ४

उत्तर: १. परिवार     २. मित्रों
३. देश     ४. पृथ्वी

## २ – आकलन कृतियाँ

**कृ.१. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

१. पुलिस को छानबीन में क्या मिली?
२. सी.डी. में कौन बोल रहा था?
३. डॉक्टर भटनागर किस ग्रह से कई करोड़ मील दूर थे?

उत्तर: १. सी.डी.     २. डॉक्टर भटनागर
३. पृथ्वी

**कृ.२. निम्नलिखित विधानों को परिच्छेद में आए उनके क्रमानुसार लिखिए:**

१. हमसे वे लोग कई गुना ज्यादा उन्नतिशील हैं।
२. इस ब्रह्मांड में हमारे सूर्य जैसे न जाने कितने सूर्य हैं।
३. मुझे उम्मीद है कि पृथ्वी के लोग मेरी इस बात से कुछ सबक लेंगे।
४. उन्हें लगा कि शायद डॉक्टर साहब आए थे।

उत्तर: १. उन्हें लगा कि शायद डॉक्टर साहब आए थे।
२. इस ब्रह्मांड में हमारे सूर्य जैसे न जाने कितने सूर्य हैं।
३. हमसे वे लोग कई गुना ज्यादा उन्नतिशील हैं।
४. मुझे उम्मीद है कि पृथ्वी के लोग मेरी इस बात से कुछ सबक लेंगे।

## ३ – शब्द संपदा

**कृ.१. निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाइए:**

१. निशान     २. परिवार
३. श्रम     ४. दुनिया

उत्तरः १. निशानी　　२. पारिवारिक
३. भ्रमित　　४. दुनियादारी

**कृ.२. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिएः**

१. जिसमें पत्र रखकर भेजते हैं-
२. सूर्य और उसकी परिक्रमा करने वाले ग्रहों और उपग्रहों का समूह-

उत्तरः १. लिफाफा　　२. सौरमंडल

## ४ – अभिव्यक्ति

**कृ.१. अपने सौरमंडल के बारे में आठ से दस वाक्य लिखिए।**

उत्तरः ब्रह्मांड में वैसे तो कई सौरमंडल हैं, लेकिन हमारा सौरमंडल अर्थात सौर परिवार सभी से अलग है। हमारे सौरमंडल का आकार एक तश्तरी जैसा है। हमारे सौरमंडल में सूर्य के साथ ही कई खगोलीय पिंड हैं, जो सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं। ये सभी खगोलीय पिंड सूर्य के गुरुत्वाकर्षण बल से जुड़े हुए हैं। हमारे सौरमंडल में आठ ग्रह, उनके १६६ ज्ञात उपग्रह, पाँच बौने ग्रह और अरबों छोटे पिंड शामिल हैं। इन छोटे पिंडों में क्षुद्रग्रह, बर्फीला काइपर घेरा के पिंड, धूमकेतु, उल्काएँ और ग्रहों के बीच की धूल शामिल हैं। हमारे सौरमंडल में ग्रहों का क्रम इस प्रकार है- बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, गुरु, शनि, यूरेनस और नेप्च्यून। हमारे सौरमंडल में सूर्य का आकार सबसे बड़ा है। सौरमंडल के केंद्र में सूर्य है और सबसे बाहरी सीमा में नेप्च्यून ग्रह है।

## परिच्छेद – ७

पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक २३-२४ पर दी गई पंक्तियाँ ९९ से १११ तक
[यहाँ के वैज्ञानिकों ......................
...................... दैत्याकार मशीनें।]

## १ – आकलन कृतियाँ

**कृ.१. संजाल पूर्ण कीजिए:**

**ग्रह पर बैठकर डॉक्टर भटनागर सोच रहे हैं**

१ | २ | ३ | ४

**उत्तर:**
१. पृथ्वी पर भी विज्ञान तेजी से उन्नति कर रहा है।
२. उद्योगों के विकास से मशीनों की संख्या बढ़ रही है।
३. मशीनों और कारखानों से वातावरण दूषित हो रहा है।
४. ऐसे ही चलता रहा तो पृथ्वी पर भी इस ग्रह की तरह स्थिति बन जाएगी।

**कृ.२. संजाल पूर्ण कीजिए:**

**परिच्छेद के अनुसार पृथ्वी पर मौजूद बीमारियाँ**

१ | २ | ३ | ४

**उत्तर:**
१. कैंसर
२. दिल की बीमारियाँ
३. तनाव के कारण होने वाली बीमारियाँ
४. ब्लड शुगर

**कृ.३. संजाल पूर्ण कीजिए:**

**इंसानों का नामो-निशान मिटने पर ग्रह पर बचेगा**

१ | २ | ३ | ४

**उत्तर:**
१. ऊँची इमारतें
२. बड़े-बड़े कारखाने
३. चिमनियाँ
४. दैत्याकार मशीनें

## २ – आकलन कृतियाँ

**कृ.१. परिच्छेद में से ऐसे प्रश्न तैयार कीजिए जिनके उत्तर निम्नलिखित शब्द हों:**

१. पृथ्वी २. दूषित

३. इंसान

उत्तर: १. विज्ञान कहाँ पर तेजी से उन्नति कर रहा है?

२. मशीनों और कारखानों से वातावरण कैसा होता जा रहा है?

३. ग्रह से किसका नामो-निशान मिट जाएगा?

**कृ.२. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

१. ग्रह की सरकार ने डॉक्टर भटनागर के बारे में सुना था।

२. सड़े हुए अंग की जगह पर दूसरे अंग लगाने की तरकीब सोची गई।

३. आज पृथ्वी बीमारी मुक्त है।

४. उस ग्रह पर इंसानों के अस्तित्व पर कोई खतरा नहीं है।

उत्तर: १. असत्य २. सत्य

३. असत्य ४. असत्य

## ३ – शब्द संपदा

**कृ.१. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए:**

१. पृथ्वी २. उन्नति ३. इंसान

उत्तर: १. भू, धरणी, वसुंधरा, जमीन

२. विकास, प्रगति, उत्थान

३. आदमी, मानव, मनुष्य

**कृ.२. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए:**

१. तेज २. आज

३. उन्नति ४. ज्यादा

उत्तर: १. धीमा २. कंल

३. अवनति ४. कम

## ४ – अभिव्यक्ति

**कृ.१. पर्यावरण की समस्या के संदर्भ में अपने विचार आठ से दस वाक्यों में लिखिए।**

उत्तर: शुद्ध पर्यावरण के बिना धरती पर जीवन की कल्पना करना भी असंभव है। बढ़ती जनसंख्या और वैज्ञानिक प्रगति के चलते भारत सहित पूरे विश्व में पर्यावरण की समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जंगल-पहाड़ काटे जा रहे हैं। हरियाली को नुकसान पहुँचने से मौसम पर बुरा प्रभाव पड़ा है। असमय ही मौसम में परिवर्तन देखे जा रहे हैं। कभी सूखा तो कभी बाढ़ की स्थिति पैदा हो

**कृ.११. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:**

१. डॉक्टर भटनागर की गायब होने की समाचार शहर भर में फैल गया।

२. बड़े पहियों का निशान उन्होंने घर की बाहर सड़क और फुटपाथ पर देखे थे।

३. मैं उनकि बात से सहमथ नहीं हूँ।

४. मैं इस समय विदेस यातरा पर हूँ।

**उत्तर:**

१. डॉक्टर भटनागर के गायब होने का समाचार शहर भर में फैल गया।

२. बड़े पहियों के निशान उन्होंने घर के बाहर सड़क और फुटपाथ पर देखे थे।

३. मैं उनकी बात से सहमत नहीं हूँ।

४. मैं इस समय विदेश यात्रा पर हूँ।